
# ज़रा सिर खुजलाइए


पिछली बार हमने आपसे एक सवाल पूछा था – जिसमें E की तरह दिख रही आकृति को 4 सीधे कट लगाकर 7 ऐसे टुकड़ों में बांटना था जिन्हें जोड़कर एक वर्ग बन जाए।

इस सवाल के हमें दो सही जवाब प्राप्त हुए हैं। खास बात यह है कि दोनों जवाब में 4 कट अलग-अलग तरीके से लगाकर 7 टुकड़े किए गए हैं। ये दोनों हल यहां दिए जा रहे हैं।

**दिनेश कुमार बिनौले** (सतवास, ज़िला देवास, म.प्र) **का जवाब**




**कुलवंत मदान** (होशंगाबाद, म.प्र.) **का जवाब**




कुलवंत मदान ने इस सवाल को और थोड़ा आगे बढ़ाते हुए E आकृति को तीन कट लगाकर 4 टुकड़े किए और इन्हें जोड़कर एक वर्ग बनाया है, परन्तु उनके दोनों हल में वर्ग के अंदर एक और खाली वर्ग रह जाता है।




**इस बार का सवाल** – फ़र्ज कीजिए आपके पास आठ पेंसिल हैं। पेंसिल की जगह माचिस की तीलियों से भी काम चल जाएगा। अब इन आठ पेंसिल/तीलियों को इस तरह जमाना है कि दो वर्ग और चार त्रिकोण बन जाएं।

अपने जवाब जल्द से जल्द हमें इस पते पर भेजिए :

**संदर्भ** – द्वारा एकलव्य, कोठी बाज़ार, होशंगाबाद, म.प्र. पिन 461001